# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-5 (सप्ताह-9)

**प्रश्नों की कुल संख्या-30** **समय- लगभग 60 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** ........................................................................ **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** ........................................................**वि.ख. -** ......................... **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**( टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें )**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग–1 : हिन्दी प्रश्न 1–10

   भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन प्रश्न 1–10

   भाग–3 : गणित प्रश्न 1–10

---

## भाग–1 : हिन्दी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

विज्ञान ने मनुष्य को कई चीजें दी हैं। इनमें प्लास्टिक भी एक है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग अधिक होने लगा है। यह एक कृत्रिम पदार्थ है। यह जल्दी नष्ट नहीं होता है। प्लास्टिक से थैलियाँ, डिब्बे, टेबल, कुर्सी, दरवाजे, साज–सज्जा के सामान आदि बनते हैं। प्लास्टिक से सामाग्री जल्दी बनती है और उसकी कीमत भी कम होती है। प्लास्टिक के लाभों के साथ कई हानियाँ भी हैं। इसके भूमि पर पड़े रहने से भूमि में जल पहुँचने में रुकावट होती है। प्लास्टिक की थैलियाँ नालियों में फँसकर पानी के बहाव को रोक देती हैं। पॉलीथिन की थैलियाँ अनुपयोगी भोजन के साथ पशुओं के पेट में पहुँचकर उन्हें नुकसान पहुँचाती हैं।

प्लास्टिक को रासायनिक प्रक्रिया से बनाया जाता है। इनमें रखी गई खाने की चीजों में जहरीले रसायन मिल जाते हैं। ये रसायन खाने के साथ हमारे पेट में जाकर हमारे स्वास्थ्य को हानि पहुँचाते हैं। हमें प्लास्टिक का उपयोग कम–से–कम करना चाहिए।

प्र. 1 प्लास्टिक के संबंध में सही कथन कौन–सा है?

(A) यह बहुत महँगा पदार्थ है (B) इसकी कीमत बहुत कम होती है

(C) यह पशुओं के खाने लायक है (D) यह बहुत भारी होता है

प्र. 2 प्लास्टिक अधिक उपयोग करनेका कारण है –

(A) महँगा होने के कारण (B) सस्ता होने के कारण

(C) पतला होने के कारण (D) रंगीन होने के कारण

प्र. 3 आप प्लस्टिक का उपयोग कम क्यों करना चाहेंगे?

(A) क्योंकि इसकी कीमत अधिक होती है।

(B) क्योंकि यह बहुत भारी होता है।

(C) क्योंकि यह प्रकृति को नुकसान पहुँचाता है।

(D) क्योंकि हम कपड़े का उपयोग करना चाहते है।

प्र. 4 आपके अनुसार 'कृत्रिम' शब्द का अर्थ होगा–

(A) इंसान द्वारा निर्मित (B) पशुओं द्वारा निर्मित

(C) प्रकृति द्वारा निर्मित (D) पक्षियों द्वारा निर्मित

प्र. 5 'विज्ञान' शब्द में 'वि' है –

(A) प्रत्यय (B) उपसर्ग

(C) विशेषण (D) क्रिया

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

**सूचना**

छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 21.1.2017 को आयोजित बाल–सभा में निम्नांकित गतिविधियाँ होंगी। गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र/छात्राएँ अपना नाम कक्षाध्यापक को लिखवाएँ।

**गतिविधियों के नाम**

- सरल कविताएँ
- बाल गीत
- कहानियाँ

दिन–शनिवार

समय–मध्याह्न भोजन के बाद

आदेशानुसार

प्रधानाध्यापक

प्रा.शा. .....................

प्र. 6 कक्षाध्यापक द्वारा नाम किनके लिखे जाएँगे?

(A) सभी छात्र/छात्राओं के (B) शिक्षकों के

(C) सहभागिता करने वाले छात्र/छात्राओं के (D) गतिविधियों के

प्र. 7 'मध्याह्न भोजन' का अर्थ है?

(A) नाश्ता (B) सुबह का भोजन

(C) रात्रि का भोजन (D) दोपहर का भोजन

प्र. 8 'कक्षाध्यापक' कौन-से दो शब्दों से मिलकर बना है?

(A) कक्ष और अध्यापक (B) कक्षा और अध्यापक

(C) कक्षाध्या और पक (D) अध्यापक और कक्ष

प्र. 9 प्रधान अध्यापक द्वारा किसका आदेश दिया गया?

(A) मध्याह्न भोजन का (B) गतिविधियों का

(C) बालसभा आयोजन का (D) शिक्षक सभा का

प्र. 10 बाल-सभा का आयोजन सप्ताह में कौन-से दिन किया जाता है?

(A) सोमवार (B) गुरुवार

(C) शुक्रवार (D) शनिवार

## भाग-2 : पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 जब हम पूड़ी को गर्म तेल की कड़ाही में डालते हैं, तब वह फूल जाती है। बताइये पूड़ी क्यों फूल जाती है ?

(A) पूड़ी गर्म तेल भर जाने से फूल जाती है।

(B) पूड़ी में "दो-परतों" के बीच वाष्पीकरण होने से पूड़ी फूल जाती है।

(C) पूड़ी में हवा भर जाती है।

(D) पूड़ी में नमक मिला होने के कारण पूड़ी फूल जाती है।

प्र.2 एक ''वन्य-जीव सोसायटी'' की रिपोर्ट के अनुसार गिद्धों की संख्या में 1970 से 2020 तक 60% की कमी आयी है। गिद्धों की संख्या में कमी आने का कारण है –


(A) कीटनाशकों का अधिक उपयोग होना।

(B) पेड़ पौधों का अधिक लगाना।

(C) जैविक खाद का अधिक प्रयोग करना।

(D) गिद्धों का अन्य देशों की ओर पलायन।

प्र.3 चित्रों को ध्यान से देखिये –



उपरोक्त एसा फल ाजसम बाज अधिक हैं, जो पाचक शक्ति को बढ़ाने वाला है –

(A) सेब (B) पपीता

(C) इमली (D) आम

प्र.4 उपरोक्त चित्र में पहचानिये जो फलों का राजा है और गर्मी में प्राप्त होता है –

(A) सेब (B) पपीता

(C) इमली (D) आम

प्र.5 जब हम ऐतिहासिक स्मारकों /स्थलों के भ्रमण करते हैं तो वहाँ हमें क्या करना चाहिए ?

(A) दीवारों पर अपना नाम लिखना चाहिए ।

(B) दीवारों में छेद करना चाहिए।

(C) दिये गये निर्देशों का पालन करना चाहिए।

(D) ज़ोर ज़ोर से आवाज़ें लगानी चाहिए।

प्र.6 'सार्वजनिक संपत्ति हमारी अपनी संपत्ति होती है।' आप बताइए इनकी सुरक्षा करना किसकी जिम्मेदारी है?

(A) ग्राम पंचायत (B) प्रत्येक नागरिक

(C) सरकार (D) चौकीदार

**निर्देश : पिंकी के पास 3 डिब्बे क, ख, एवं ग है। उसने तराजू पर उनका वजन किया तो तराजू ऐसे दिखाई दिया। चित्र देखकर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

**क　　　　　　ख　　　　　　ग**




प्र.7　बताइऐ क, ख एवं ग में से किस डिब्बे का वजन सबसे अधिक है ?

(A) ग　　　(B) ख

(C) क　　　(D) सभी का वजन समान है

प्र.8　बताइऐ किस डिब्बे का वजन बाँट के बराबर है ?

(A) क　　　(B) ख

(C) ग　　　(D) किसी डिब्बे का नहीं

प्र.9　बताइऐ किस डिब्बे का वजन सबसे कम है ?

(A) क　　　(B) ख

(C) ग　　　(D) सभी का वजन समान है

प्र.10　आप बाजार से निम्नानुसार वस्तुएं खरीदते हैं और इन्हें अलग-अलग थैलियों में रखते हैं -

1 किलो चावल, 1 किलो साबूदाने, 1 किलो गुड़ एवं 2 किलो मखाने

और बताइऐ कि किस वस्तु के लिए सबसे बड़ी थैली की आवश्यकता होगी ?

(A) चावल　　　(B) मखाने

(C) गुड़　　　(D) साबूदाने

## भाग-3 : गणित

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 पानी से भरे गिलास में समान आकार के 7 कंचे डालने पर 14 मि.ली. पानी गिलास से बाहर गिरता है। एक कंचे का आयतन कितना होगा?

(A) 70 मिलीलीटर (B) 14 मिलीलीटर


(C) 2 मिलीलीटर (D) 1 मिलीलीटर

प्र.2 एक टंकी को पूरा भरने के लिए 8 बाल्टी पानी लगता है। एक बाल्टी में 6 मग पानी आता है। तो टंकी में कितने मग पानी आएगा?

(A) 48 (B) 14

(C) 8 (D) 6

प्र.3




कितने जग पानी से टंकी पूरी-पूरी भर जाएगी?

(A) 10 (B) 20

(C) 22 (D) 48

प्र.4 समान माप के 9 कंचे एक मापक बोतल में डालने पर 90 मिली लीटर पानी ऊपर उठ जाता है। एक कंचे का आयतन कितने मिलीलीटर होगा?

(A) 9 (B) 10

(C) 810 (D) 90

प्र.5 2 लीटर 250 मिलीलीटर शर्बत से 250 मिली लीटर के कितने गिलास भरे जा सकते हैं?

(A) 5 (B) 3

(C) 9 (D) 4

प्र.6 1 किलो 500 ग्राम नमक से 100 ग्राम नमक के कितने पैकेट बनेंगे?

(A) 25 (B) 5

(C) 15 (D) 6

प्र.7 2 लीटर आयतन वाले जग में 5 गिलास पानी डालने पर वह आधा भर जाता है। गिलास का आयतन कितना है।

(A) 200 मि.ली. (B) 250 मि.ली.

(C) 100 मि.ली. (D) 125 मि.ली.

प्र.8 एक दुकानदार के पास 336 संतरे हैं। एक बाक्स में वह 12 संतरे रखता है। 336 संतरों को पैक करने के लिए उसे कितने बाक्स की जरूरत होगी?

(A) 12 (B) 28

(C) 21 (D) 33

प्र.9 अनिल ने 48 लड्डू बनाए। उसने 6 प्लेटों में बराबर-बराबर लड्डू रखे निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रत्येक प्लेट में लड्डूओं की सही संख्या को दर्शाता है?

(A) $48 + 6$ (B) $48 - 6$

(C) $48 \div 6$ (D) $48 \times 6$

प्र.10 कुछ आमों का भार 12 किलोग्राम 800 ग्राम और कुछ सेबों का भार 9 किलोग्राम 650 ग्राम है। आमों का भार सेबों के भार से कितना अधिक है?

(A) 3 कि.ग्रा. 150 ग्राम (B) 3 कि.ग्रा. 200 ग्राम

(C) 12 कि.ग्रा. 150 ग्राम (D) 9 कि.ग्रा. 150 ग्राम

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-5 सप्ताह-9 )

| हिन्दी | | पर्यावरण अध्ययन | | गणित | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन | गणित |
|---|---|---|
| | | |